# परिसीमन के नाम पर लंबे समय तक स्थगित नहीं रख सकते पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव : हाईकोर्ट

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि परिसीमन के नाम पर लंबे समय तक पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव स्थगित नहीं रखे जा सकते। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि परिसीमन प्रक्रिया समय पर पूरी हो, ताकि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार समय पर चुनाव कराए जा सके। जहां पंचायत भंग होती है, वहां आदर्श रूप से छह माह के भीतर चुनाव होने चाहिए।

> **"अदालत ने कहा कि जहां पंचायत भंग होती है, वहां आदर्श रूप से 6 माह के भीतर चुनाव होने चाहिए। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि परिसीमन प्रक्रिया समय पर पूरी हो।"**

अदालत ने कहा कि निवर्तमान सरपंचों को अपनी पंचायतों के दैनिक कार्य के प्रबंधन के लिए प्रशासक लगाया गया और पंचायतों के विघटन के छह माह बाद उन्हें प्रशासक पद पर बने रहने की अनुमति दी गई, लेकिन बाद में उन्हें तय प्रक्रिया का पालन किए बिना हटा दिया गया।

अदालत ने याचिकाकर्ता प्रशासकों को पद से हटाने के आदेश को रद्द करते हुए पंचायती राज कानून की धारा 38 के तहत याचिकाकर्ताओं पर कार्रवाई की छूट दी है। अदालत ने कहा कि दो माह में याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनने के बाद मामले में कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही अदालत ने आशा जताई है कि राज्य सरकार मामले में गौर करेगी। वहीं अदालत ने आदेश की कॉपी केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग और मुख्य सचिव को भेजी है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश महावीर प्रसाद गौतम व 16 अन्य याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत मालपुरा व अन्य ने बताया कि सरपंचों का कार्यकाल पूरा होने के बाद विभाग ने चुनाव में देरी को देखते हुए गत 16 जनवरी को अधिसूचना जारी कर निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक लगा दिया। वहीं बाद में उन्हें बिना जांच और सुनवाई का मौका दिए प्रशासक पद से हटा दिया गया। याचिका में कहा गया कि उनकी नियुक्ति की अधिसूचना वैधानिक रूप से मान्य थी। ऐसे में उन्हें बिना जांच हटाना अवैध है। जिसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि उन्हें दैनिक कार्यों के प्रबंधन के लिए प्रशासक लगाया गया था और जिस परिपत्र से उन्हें नियुक्त किया गया था, वह वैधानिक नहीं था। वहीं याचिकाकर्ताओं के खिलाफ जांच लंबित है। ऐसे में याचिकाओं को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने प्रशासकों को पद से हटाने के आदेश को रद्द करते हुए अन्य दिशा-निर्देश दिए हैं।

## सार-समाचार

### स्पीच ड्राइंग प्रतियोगताओं का आयोजन




**जयपुर** । 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर माइनॉरिटी एजुकेशन अवेयरनेस मीट सीजन 2 की ओर से लगातार चल आ रहे क्विज कंपटीशन में इस बार एक साथ चार स्कूलों ने पार्टिसिपेट कियीं मदरसा फैज़ ए आम के क्विज कंपटीशन में चांद बीबी टीम ने बाजी मारीं फातिमा शेख दूसरे स्थान पर और सुरैया बी तीसरे स्थान पर रही। दूसरी ओर मदरसा इकरा तालीमुल कुरान मिडिल स्कूल की मौलाना अबुल कलाम आजाद रही अव्वल,सुरैया बी रही दूसरे स्थान और जीनत महल तीसरे स्थान पर रही। इसके साथ ही राज पब्लिक स्कूल और मदरसा तालीमुल कुरान में ड्राइंग कंपटीशन के साथ स्पीच कंपटीशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा को मेहमानों का दिल जीता। क्विज कंपटीशन के सभी सवाल की प्रोग्राम मैनेजर सारा इस्माईल ने बच्चों सवाल किया।

### कारों के शीशे तोड़ने वाले 2 गिरफ्तार

**जयपुर** । शास्त्री नगर थाना इलाके में रविवार देर रात घर के बाहर खड़ी कारों के शीशे तोड़ने और हवा निकालने की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग को निरुध करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि समाज में वर्चस्व कायम करने एवं लोगों में भय पैदा करने के लिए तीनों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। बताया जा रहा है कि मुल्जिमान के खिलाफ पूर्व में मारपीट,लड़ाई एवं एनडीपीएस के आधा दर्जन मामले दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी नशे का कारोबार भी करते है। पुलिस उपायुक्त आईपीएस करण शर्मा ने बताया कि रविवार को राणा कॉलोनी में रविवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने घरों के बाहर खड़ी कारों के शीशे तोड़कर उसकी हवा निकाल दी थी और मौके से फरार हो गए। रविवार सुबह लोगों ने अपनी-अपनी कारों के शीशे टूट देख पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया। पुलिस ने कार के शीशे तोड़ने और हवा निकाल कर आंतक फैलाने के आरोप में परवेज (21) पुत्र नवाब अली ,व्यास कॉलोनी ,बरकती मस्जिद शास्त्री नगर निवासी व इमरान उर्फ टुंटया (19) पुत्र मोहम्मद असलम उर्फ लादेन व्यास कॉलोनी ,निवासी को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्व किया । करण शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह मामला दर्ज होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरु किया। जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी सहायता के आधार पर दोनो आरोपियों सहित एक नाबालिग को निरुद्व किया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि बदमाशों ने अपना वर्चस्व कायम करने के लिए पहले तो राणा कॉलोनी में घरों के बाहर खड़ी कारों के शीशे तोड़े। इससे कुछ दिन पहले ही अशोक नगर इलाके में स्थित अल्फा क्लब के बाहर खड़ी कारों के शीशे तोड़े।

### सराफ ने किया सड़क का उद्घाटन

**जयपुर** । मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 148 में मोती डूंगरी गणेश मंदिर पर नई सीसी रोड का रिबिन काटकर उद्घाटन किया। पार्षद महेश सैनी ने बताया कि काफी समय से मंदिर मार्ग की यह रोड टूटी हुई थी जिससे मंदिर दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों को काफी परेशानी होती थी,लोगों की यह मांग थी कि गणेश चतुर्थी से पहले सड़क का निर्माण हो जाए, विधायक सराफ के प्रयास से नगर निगम ग्रेटर के द्वारा नई सीसी रोड का कार्य करवाया। स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमार सैनी जयपुर शहर उपाध्यक्ष,राजेश शर्मा,अजय सैनी,विजय सैनी वार्ड अध्यक्ष,नंदलाल सैनी.जानू राणा नरेश.पप्पू कुमावत, धनंजय, सोनू शर्मा,रामलाल सैनी, घनश्याम सैनी,मंगेश, शंकर आदि गणमान्य निवासी उपस्थित है।

### अधेड़ ने एयरपोर्ट स्टाफ से की छेड़छाड़

**जयपुर** (कासं)। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कार्यरत युवती से एक अधेड़ पैसेंजर ने छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी यात्री को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी 16 अगस्त की रात बैंकॉक जाने के लिए एयरपोर्ट पर आया था। पुलिस के अनुसार युवती एयरपोर्ट पर अपना काम कर रही थी। आरोप है कि इस दौरान उसने युवती से छेड़खानी की। सीआईएफएफ के जवानों ने अधेड़ यात्री को पकड़कर एयरपोर्ट थाना पुलिस को सौंप दिया। इस संबंध में 20 वर्षीय पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया है। प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि आरोपित एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। वह बैंकॉक जाने के लिए एयरपोर्ट पर आया था। उसका बैंकॉक घूमने का प्लान था। पुलिस ने बताया कि ज्योति नगर निवासी 54 साल का व्यक्ति बैंकॉक की फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट आया था। एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर खरीदारी के दौरान आरोपित ने युवती के साथ छेड़छाड़ की। आरोपित शराब के नशे में था। युवती के शोर मचाने पर सीआईएफएफ के जवानों ने आरोपित को पकड़ा और एयरपोर्ट थाना पुलिस के हवाले कर दिया। एयरपोर्ट थानाधिकारी संदीप बसेरा ने बताया कि सीआईएफएफ की ओर से उन्हें आरोपित सौंपा गया था, जिसे शांति भंग में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पीड़ित युवती की शिकायत पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता के बयान पर मौका मुआयना (नक्शा) और अन्य कागजी कार्रवाई की जा रही है। आरोपित पुलिस कस्टडी में है। कार्रवाई के बाद छेड़छाड़ के मुकदमे में गिरफ्तार किया जाएगा।

### अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों का राष्ट्रीय अधिवेशन 10-11 सितंबर को जयपुर में

**जयपुर**। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में राजस्थान सरकार और सहकार भारती के संयुक्त तत्वावधान में अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों का राष्ट्रीय अधिवेशन 10 और 11 सितंबर को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में होगा। अधिवेशन में देशभर के 500 अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों के तकरीबन 1000 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इनमें अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष व प्रबंध निदेशक मुख्य कार्यकारी अधिकारी की भी उपस्थिति रहेगी। आयोजन में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक के साथ-साथ कई विशिष्ट अतिथि होंगे। दो दिवसीय अधिवेशन में बैंकिंग क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और चुनौतियां, भविष्य की संभावनाए. वित्तीय जोखिम, साइबर सुरक्षा, बैंक क्षेत्र में नवाचार के प्रयोग जैसे विषयों पर चर्चा तथा विशेषज्ञो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अधिवेशन में भाग लेने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। आयोजन के पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है।

## अनूप मिश्रा मुख्यालय शाखा अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



**जयपुर** । राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के द्वितीय चरण के चुनाव में शाखा मुख्यालय के शाखा अध्यक्ष पद पर अनूप मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हुए। संघ के संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी ने बताया कि 18 अगस्त को मुख्यालय शाखा अध्यक्ष पद के लिए मण्डल मुख्यालय में चुनाव पर्यवेक्षक सुभाष चंद यादव, दारा सिंह, सरोज जैन द्वारा कराये गए। चुनाव में एक मात्र आवेदन प्राप्त होने पर अनूप मिश्रा को शाखा अध्यक्ष मुख्यालय पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचित अध्यक्ष मिश्रा को संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष दशरथ कुमार द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। महामंत्री प्रदीप शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद द्वारा नव निर्वाचित मुख्यालय अध्यक्ष अनुप मिश्रा को शुभकामनाएं दी गई।

मिश्रा द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि मण्डल हित एवं कर्मचारी हित में अपना योगदान देते रहेंगे एवं समय-समय पर मण्डल हित एवं कर्मचारी हित के लिये आवाज उठाते रहेंगे। इस अवसर पर जयपुर स्थित वृत्त कार्यालयों के शाखा अध्यक्षों सहित प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहन सिंह, संयुक्त महासचिव रमेश चन्द शर्मा, संगठन मंत्री रामदयाल गुर्जर, कार्यालय मंत्री मो. युसूफ खान और प्रचार मंत्री मनुज ठाकुर सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार ने 411 लाख रु.रिलीज किए

**जयपुर** । भारत सरकार की केंद्रीय प्रवर्तित योजना-राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग को लाइवस्टॉक हेल्थ डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के लिए 411.03 लाख रुपए की राशि केंद्र सरकार ने रिलीज कर दी है। इस संबंध में राज्य के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने विगत दिनों नई दिल्ली में केंद्रीय पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उक्त राशि रिलीज करने के संबंध में डीओ लेटर सौंपा था।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह के आदेश पर यह राशि जारी की गई है। पशुपालन मंत्री कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राजस्थान में खुरपका-मुंहपका रोग, बुरसेला रोग, पीपीआर रोग उन्मूलन कार्यक्रम व क्लासिकल स्वाइन फीवर रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष-2025-26 के लिए अब तक कोई राशि नहीं प्राप्त हुई थी।

## मुरलीपुरा में स्कॉर्पियो कार से मजदूर को कुचलने वाला बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर** । मुरलीपुरा इलाके में कार से एक मजदूर को कुचलने वाले चालक और अन्य के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम आरोपितों की तलाश में सीकर के श्रीमाधोपुर, नागौर और दिल्ली में दबिश दे रही है। हालांकि पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो कार को जब्त कर कार चलाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि कार से एक मजदूर को कुचलने वाले चालक और अन्य के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

साथ ही कार चलाने वाले आरोपित कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया हैं। वहीं मारपीट करने वाले सुभाष और एक अन्य व्यक्ति की तलाश पुलिस टीमें कर रही हैं। इस घटना के बाद आरोपित कार लेकर जयपुर से बाहर निकल गए थे। पुलिस की तीन टीम जगह-जगह आरोपित युवकों की तलाश में दबिश दे रही है। ब्रिजा कार के शीशे तोड़ने वाले, हथियार दिखाकर धमकाने वाले और मजदूर पर जानकर बूझकर कार चढ़ाने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। वारदात मे शामिल सभी आरोपी जल्द से जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इस मामले में दो मामले दर्ज है जिसमें ब्रेजा कार चालक राजेश यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है तो वहीं एक अन्य एफआईआर मृतक यूपी निवासी चंद्रशेखर की पत्नी की ओर दर्ज की गई हैं। जिसमें कार चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया हैं।

## 'स्वदेशी 4 जी तकनीक पर आधारित सेवाओं से बीएसएनएल ग्राहकों को मिलेगा बेहतर अनुभव'

**जयपुर** । बीएसएनएल बोर्ड के निदेशक संदीप गोविल ने जयपुर में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आंकलन करने हेतु ड्राइव टेस्ट किया। इस दौरान उन्होंने मोबाइल कॉल्स को विभिन्न परिस्थितियों में परखा और वास्तविक उपभोक्ता अनुभव का जायज़ा लिया। गोविल ने बीएसएनएल के स्वदेशी सहयोगी टीसीएस, तेजस एवं सी-डॉट के साथ गहन बैठक की तथा नेटवर्क सुधार और उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राहक शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर मोबाइल डेटा और वॉइस सेवाएं उपलब्ध हो सकें।



**बीएसएनएल बोर्ड के निदेशक संदीप गोविल ने जयपुर में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आंकलन करने के लिए ड्राइव टेस्ट किया।**

निदेशक ने आईएमएस सेंटर का भी दौरा किया। यह केंद्र बीएसएनएल राजस्थान के 4जी उपभोक्ताओं को न्दर्थ्ऊ सेवाएं प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर बीएसएनएल राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय ने बताया कि बीएसएनएल ने अपने 4जी नेटवर्क के परीक्षण के लिए अगस्त माह में मात्र 1 रु. का 'फ्रीडम प्लान' लॉन्च किया है। इस योजना के अंतर्गत ग्राहकों को एक माह तक प्रतिदिन 2 जीबी डेटा एवं अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मालवीय ने कहा कि बीएसएनएल राजस्थान, स्वदेशी तकनीक पर आधारित 4जी सेवाओं से ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी विस्तार व्र उपभोक्ता अनुभव सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत है। यह पहल 'कनेक्टिंग द अनकनेक्टेड' मिशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## बैंगलुरू भेजा जा रहा 749 किलो अवैध मांस जयपुर एयरपोर्ट से जब्त

**जयपुर** । ग्रेटर नगर निगम की पशु प्रबंधन टीम ने सांगानेर एयरपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए 749 किलो अवैध मांस को जब्त किया और डंपिंग यार्ड में डलवाकर नष्ट किया। बताया जा रहा है कि पशु प्रबंधन टीम को सूचना मिली थी कि जन्माष्टमी पर सांगानेर एयरपोर्ट पर अवैध रूप से बकरे का मांस 19 कार्टून में भरकर बेंगलुरू भेजा जा रहा है, इस पर टीम ने यहां कार्रवाई की। निगम टीम ने मौके पर पहुंचकर बकरे के मांस से भरे 749 कार्टन जब्त किए और एयरपोर्ट अथॉरिटी से इन्हें वापस लेकर डंपिंग यार्ड पर डलवाकर रसायनिक विधि से नष्ट कराया। कार्रवाई के दौरान एयरपोर्ट पर तैनात प्राइवेट सिक्यूरिटी एजेंसी के गार्ड ने निगम टीम ने दुर्व्यवहार भी किया, परन्तु प्रभारी अधिकारी डॉक्टर राकेश कलोरिया पीछे नहीं हटे। उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए अवैध मीट को डंपिंग यार्ड में ले जाकर नष्ट कराया। इस प्रकार की यह पहली कार्रवाई है कि अवैध रूप से जा रहे मीट को एयरपोर्ट से जप्त किया गया, इनके पास किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। कार्यवाही के दौरान टीम में प्रभारी एवं कर्मचारीयों का सराहनीय योगदान रहा।



**ग्रेटर नगर निगम की पशु प्रबंधन टीम ने सांगानेर एयरपोर्ट पर दबिश देकर अवैध मांस से भरे 19 कार्टन जब्त कर नष्ट कराये।**

## बिंदायका पेट्रोल पंप पर सैल्समेन से मारपीट

**जयपुर** । बिंदायका इलाके में पेट्रोल पंप पर सेल्समैन से मारपीट कर रुपए लूट की वारदात की गई। युवक बोतल में पेट्रोल भरवाने की जिद कर रहा था। सेल्समैन ने मना किया तो दोस्तों को बुलाकर वारदात की। यह मामला सिरसी रोड पर मामा फिलिंग स्टेशन का है। एक युवक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार पेट्रोल पंप मालिक जगदीश मामला दर्ज करवाया है कि बाइक से एक युवक आया और बोतल में पेट्रोल डालने की जिद करने लगा था। सेल्समैन ने पेट्रोल देने से मना कर दिया। इसके बाद बाद युवक बाइक को छोड़कर अपने दोस्त बुलाकर लाया। कार से आए उसके दोस्तों ने पहले सेल्समैन के साथ मारपीट की।

## दो करोड़ की मिट्टी खुदाई के टैंडर में 2 फर्मों की समान रेट आई, अब ठेका पाने की जुगाड़ में जुटे दोनों ठेकेदार

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के 2 करोड़ की मिट्टी खुदाई के काम में एक ही टैंडर दो समान रेटों पर खुल गया। अब समान दर डालने वाले ठेकेदार इसे पाने की जुगाड़ में जुट गए हैं। इसके लिए-अपने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर रहे है।

सूत्रों के मुताबिक जयपुर विकास प्राधिकरण की जोन-12 में अवंतिका विहार योजना है। यहां जेडीए की योजना में बसी कालोनी में प्लाटों का लेवल करने के लिए लगभग 2 करोड़ का टैंडर निकाला गया था। बताया जा रहा है कि जयपुर विकास प्राधिकरण जल्द ही खुली नीलामी के जरिए इन स्कीम में

> **वित्त निदेशक 2 बार इसी तरह के टैंडर ज्यादा दर आने के कारण कर चुके हैं निरस्त, अब भी करें तो होगा जे.डी.ए. को फायदा**

जमीनें बेचेगा। ऐसे में यहां जमीनों के समतलीकरण के लिए भी एक फर्म को केदार विहार में काम दिया हुआ है, जिसे सरकारी जमीन की ऊंची और उबड़-खाबड़ जमीन को समतल करने तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों से मिट्टी खोदकर खड्डे अथवा निचले क्षेत्रों में जेडीए के प्लॉट्स में डालनी है।

बताया जा रहा है कि इस काम को लेने के लिए पांच ठेकेदारों ने टैंडर भरा था। ऐसे में करीब 35 फीसदी कम रेट ठेके में सामने आयी। परंतु दो फर्मों ने एक समान रेट भरी, जिसमें निशिता एंटरप्राइजेज 35.99 और आर्यन कंस्ट्रक्शन की रेट 35.99 आई है। अब ये दोनों फर्में टैंडर लेने की जुगाड़ में जुटी हुई है। इन्होंने पहले ही निर्धारित दर से कम रेट पर बिड डाली है। अब दोनों फर्में इससे भी कम रेट पर नेगोशिएशन को तैयार है। इसका कारण यहां बड़ी मात्रा में मिट्टी के टीले होना है। ये दोनों ठेकेदार किसी भी स्तर पर ये ठेका लेना चाहते है। सूत्रों का कहना है कि वित्त निदेशक 2 बार इसी तरह के टैंडर ज्यादा दर आने के कारण कर निरस्त चुके हैं। ऐसे में अब भी यहां ठेका निरस्त किया जायेगा तो जेडीए को राजस्व का फायदा होना तय है। इसके पीछे सीधा सा कारण यह है कि इस टैंडर में शामिल होने वाली तमाम फर्मों की रेट खुल चुकी है, ऐसे में अगर दुबारा टैंडर किए जाते हैं तो संभावना है कि दरें और भी कम प्राप्त हो, जिससे जेडीए को राजस्व का फायदा होगा।


गौरलब है कि जोन-12 स्थित केदार विहार और अवंतिका विहार में इन दिनों मिट्टी के अवैध खनन और रेत माफिया द्वारा मिट्टी के डंपर भरकर बाहर ले जाने का मामला भी सामने आया है।

## डॉक्टरों ने दुर्लभ ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित महिला का इलाज किया

**जयपुर** । इक्कीसवीं सदी में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दुर्लभ बीमारियों और उनके उपचार विकल्पों के बारे में जागरूकता बढ़ी है। इसके बावजूद, कुछ ऐसी स्थितियाँ हैं जो तब तक छिपी रहती हैं जब तक कि वे अक्षम और जानलेवा न हो जाएँ।

सीकर निवासी 42 वर्षीय गृहिणी अनीता चौधरी अपने परिवार और बच्चों की देखभाल में व्यस्त रहती थीं। उन्हें दाहिनी आँख में दृष्टि संबंधी गड़बड़ी दिखाई देने लगी, जो महीनों से बहुत ही सूक्ष्म थी, लेकिन पिछले एक महीने से दाहिनी आँख की दृष्टि में तेजी से गिरावट आई और बाईं आँख में भी दृष्टि संबंधी गड़बड़ी शुरू हो गई। उनको आँख की रोशनी में कमी के साथ साथ सिरदर्द, व्यक्तित्व में बदलाव और सूंघने की क्षमता के कमी भी महसूस होने लगी।

उनके परिवार के सदस्यों के अनुसार, गिरते स्वास्थ्य के कारण उन्हें न केवल परिवार के सदस्यों की, बल्कि खुद की भी देखभाल करने में कठिनाई होने लगी थी। उन्होंने सीकर में परामर्श लिया और एमआरआई ब्रेन में कपाल के अग्र भाग में 6.5 सेमी का विशाल ब्रेन ट्यूमर दिखा। ट्यूमर प्रमुख




रक्त वाहिकाओं को घेर रहा था और दृष्टि व घ्राण के लिए जिम्मेदार तंत्रिकाओं पर दबाव डाल रहा था। आँखों के परीक्षण से पता चला कि दाहिनी आँख में लगभग अपरिवर्तनीय क्षित हुई है और बाईं आँख में सूजन बढ़ रही है। रोगी ने उपलब्ध उपचार विकल्पों के बारे में कई डॉक्टर से राय ली, लेकिन उसे सलाह दी गई कि यह उच्च जोखिम

> **सर्जरी से आंख की रोशनी वापस पाने में मदद मिली**

वाली सर्जरी है और अगर ब्रेन ट्यूमर निकाल भी दिया जाए, तो भी दृष्टि में सुधार की संभावना न के बराबर होगी।

जयपुर में डॉ. अनिल कोठीवाला (न्यूरोसर्जन) और डॉ. रवि जाखड़ (न्यूरोलॉजिस्ट) की देखरेख में कंट्रास्ट स्कैन और एंजियोग्राफी के माध्यम से रोगी का विस्तार से मूल्यांकन किया गया। आगे के उपचार के जोखिमों और लाभों पर चर्चा करने के बाद, रोगी और उसके परिवार के सदस्य ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी कराने के लिए सहमत हो गए। 10 घंटे तक चली सर्जिकल प्रक्रिया में सभी महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं और तंत्रिकाओं को सुरक्षित रखते हुए ट्यूमर को सफलतापूर्वक जड से हटा दिया गया। सर्जरी के उसी दिन रोगी राहत की साँस लेकर होश में आई। ऑपरेशन के अगले दिन रोगी ने स्वयं डॉ. अनिल कोठीवाला को बताया कि वह दो फीट तक देख पा रही है, जो रोगी और उसके परिवार के सदस्यों के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं था।

जयपुर के एनएचबीएच अस्पताल में कार्यरत डॉ. रवि जाखड़ (न्यूरोलॉजिस्ट) ने बताया कि इस तरह के ट्यूमर सुबह के सिरदर्द, भूलने की बीमारी जैसे बहुत हल्के लक्षणों के साथ आते हैं, जिन्हें अक्सर व्यस्त जीवन शैली में नजरअंदाज कर दिया जाता है। डॉ जाखड़ ने कहा कि आंख की रोशनी में गड़बड़ी, उल्टी या व्यक्तित्व की गड़बड़ी के साथ सिरदर्द को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। डॉ. अनिल कोठीवाला (न्यूरोसर्जन) ने बताया कि माइक्रोन्यूरोसर्जिकल ट्यूमर एक्सीजन ज्यादातर मामलों में उपचारात्मक इरादे से सुरक्षित रूप से किया जा सकता है। डॉ. कोठीवाला ने 10 घंटे लंबी सर्जरी के लिए न्यूरोलॉजी और एनेस्थीसिया ऑपरेशन थिएटर टीम से अच्छे सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने आगे बताया कि ट्यूमर सर्जरी के साथ-साथ योजना इस तरह से बनाई गई थी कि माथे पर अच्छे कॉस्मेटिक परिणामों के साथ खोपड़ी के बाल भी बचे रहे। मरीज दो-तीन हफ्तों में सामान्य जीवन में फिट होने में सक्षम है।

## परकोटे के विकास के लिए अब तक बनाई गई योजनाओं और कार्रवाई का ब्यौरा पेश करे राज्य सरकार : हाईकोर्ट

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि वह शहर के परकोटे के विकास के लिए अब तक बनाई गई सभी योजनाओं व उन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्रमबद्ध तरीके से 17 सितंबर तक अदालत में पेश करें। अदालत ने कहा कि यह मामला केवल हल्दियों के रास्ते सहित अन्य जगहों पर आवासीय इलाके में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अदालत अब पूरे परकोटे के विकास व उसमें आने वाली समस्याओं को इस याचिका के तहत सुनेगी। जिससे कि इसी मामले में परकोटे में जलभराव, पार्किंग की समस्या व ट्रैफिक सहित अन्य समस्याओं का निवारण हो सके।

जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा व जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश परकोटे के हल्दियों के रास्ते सहित अन्य जगह पर आवासीय इलाके में व्यावसायिक गतिविधियों के मामले में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान न्यायमित्र अधिवक्ता शोभित तिवाडी ने कहा कि यह मामला पूर्व में परकोटे के रिहायशी क्षेत्र में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों तक सीमित था, लेकिन बाद में इसमें अवैध निर्माण को भी शामिल किया गया। जिस पर खंडपीठ ने कहा कि इस मामले को परकोटे के विकास व समस्याओं के निवारण तक बढ़ाया जाना उचित होगा। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने हल्दियों के रास्ते में व्यावसायिक गतिविधियों के मामले में 25 फरवरी को राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह पूरी तरह से अवैध तौर पर चिन्हित 19 भवनों को तत्काल सील करे। इसके साथ ही कहा था कि रिहायशी क्षेत्र में अवैध निर्माण होना व व्यावसायिक गतिविधियों को संचालित करना कानूनी प्रावधानों की अवहेलना है। हाईकोर्ट के प्रसंज्ञान के बाद निगम ने परकोटे के भवनों की 3 सूची बनाई थी।